
# mports decline by n first half of 2016

## 3-year low; rise in prices main reason: report



ed into the country mainly goes into the industrial usage," he added.

Just as falling prices and bullish price expectations encouraged retail investors to move into silver in a very significant way, now, as prices crossed Rs 45,000 per kg, investment demand slumped to ap-

heckbox at the time of e-icket booking. The premim amount will be autonatically added to the tickt fare if the passenger opts or insurance. After the icket booking and paynent of the premium, a

"Railways pays awards/compensation of Rs 18-20 crore annually. Yatra has around 3-5 per cent of the customers buying insurance for airlines and, therefore, we expect at least 10 per cent of the online

premium amount, after deducting the administrative charges, to the passenger on the same account that was used to book the ticket.

falaknaazsyed
@mydigitalfc.com

## WHATSINIT 4me

### HIDDEN charges in your credit card

■ Here are some hidden credit card charges that you need to know about.

*Annual maintenance charge:* Every credit card comes with an annual maintenance fee that can start from Rs 200 and go upwards.

*Interest charged:* Your monthly bill shows two amounts, (i) the total amount due and (ii) the

some costs for rendering the service.

In the end, it is better to read the terms and conditions before purchasing a credit card.

***—Anil Rego,***
*CEO and founder, Right Horizons*

mail to:
mymoney@mydigitalfc.com

## nse, nets ₹919 cr

pplications received on the ast day. The top five among he receiving offices were BI, NSE, Bank of India, CICI Bank and HDFC Bank. To improve attractiveness of the SGB, new product features were introduced his time. The minimum ubscription limit was reduced from 2 gm to 1 gm. The capital gain tax levied n the redemption of SGB to n individual was exempted, n line with the Budget 2016-17 announcement. This exemption was extended to the last three tranches, oo. The applications were llowed to be routed online

and SGB was issued in demat/paper form. The National Stock Exchange and the Bombay Stock Exchange were notified as additional receiving offices. The trading of gold bonds was also operationalised. The SGB scheme was launched as an alternative to physical gold in November 2015.

The aim of the SGB scheme is to reduce demand, including through imports, for physical gold and, in the process, reduce India's current account deficit (CAD).

sangeethag
@mydigitalfc.com

ELDECO

**ELDECO HOUSING AND INDUSTRIES LIMITED**
Regd. Office: Shop No 16, Second Floor, Eldeco Station 1, Site No 1, Sector 12, Faridabad, Haryana – 121 007, E-mail id: Eldeco@eldecohousing.co.in
Website: www.eldecogroup.com, Ph. No.: 0522-4039999
CIN: L45202HR1985PLC044265

**NOTICE**

NOTICE is hereby given, pursuant to Regulation 29 and Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Wednesday, the 10th day of August, 2016, at the Corporate office of the Company at IInd Floor, Eldeco Corporate Chamber-1, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010, to consider and approve inter alia the Unaudited Financial Results for the First Quarter ended on 30th June, 2016.

Place: Lucknow
Dated: 01.08.2016

By Order of the Board of Directors
Sd/-
(Naina Tandon)
Company Secretary

## सार समाचार

### संविधान में बदलाव चाहते हैं अदरेआन

**अंकारा, एएफपी।** तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप अदरेआन ने कहा है कि तख्तापलट की नाकाम कोशिश के बाद वह देश की खुफिया एजेंसी तथा सेना प्रमुख को सीधे अपने नियंत्रण में लाने के लिए संवैधानिक बदलाव चाहते हैं। अदरेआन ने कल ए-हेबर टेलीविजन के साथ साक्षात्कार में कहा, 'हम (संसद) में एक लघु संविधान संशोधन पैकेज लाना चाहते हैं। यदि यह मंजूर हुआ तो नेशनल इंटेलीजेंस ऑर्गेनाइजेशन और सेना प्रमुख राष्ट्रपति के नियंत्रण में आ जाएंगे। संवैधानिक संशोधन के लिए सरकार को दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी और इसके लिए उसे विपक्षी दलों के सर्मथन की जरूरत होगी। अदरेआन ने कहा कि 15 जुलाई को हुई तख्तापलट की कोशिश के मद्देनजर 'सैन्य स्कूल बंद किए जाएंगे..और एक राष्ट्रीय सैन्य विश वविद्यालय स्थापित किया जाएगा।

### पाक बस दुर्घटना में 26 की मौत

**इस्लामाबाद, आईएएनएस।** पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा एजेंसी में अचानक आई बाढ़ से शादी के मेहमानों को ले जा रही एक बस के बह जाने से इसमें मरने वालों की संख्या 26 हो गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि खाई से 11 शव बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने बताया, 26 शव निकाले गए हैं। तीन घायलों को भी बाहर निकाला गया है, जबकि एक व्यक्ति लापता है।

### ध्रुवीय बर्फ को तोड़ने में सक्षम पोत

**बीजिंग,भाषा।** चीन आर्कटिक तक पहुंचने की अपनी योजना को पूरा करने के उद्देश्य से धुव्रीय बर्फ को तोड सकने में सक्षम अपने पहले पोत का निर्माण करने की योजना बना रहा है। सरकारी चाइना रेडियो इंटरनेशनल ने खबर दी है कि शंघाई स्थित जिआंगनान शिपयार्ड कंपनी ने कहा है कि इस साल के अंत तक इस पोत का काम शुरू हो जाएगा। 'शियुलॉन्ग' या ड्रेगन स्नो फिलहाल चीन का सबसे बडा ध्रवीय बर्फ तोडने वाला पोत है जो 1993 में उसने यूक्रेन की कपंनी से खरीदा था।

विश्व समाचार / कूटनीति

# ट्रंप का दिवंगत सैनिक के पिता पर हमला

## डोनाल्ड ट्रंप ने दिवंगत मुस्लिम अमेरिकी सैनिक हुमायूं खान के पिता पर जवाबी हमला बोला।

**वाशिंगटन ■ भाषा**

डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध में मारे गए मुस्लिम अमेरिकी सैनिक के पिता को फटकारते हुए कहा कि उन्होंने हजारों रोजगारों का सृजन किया है और सवाल उठाया कि क्या सैनिक की मां को कभी बोलने की भी 'इजाजत' दी जाती है। सैनिक के पिता ने रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा था कि उन्होंने 'देश के लिए कोई बलिदान नहीं दिया है।'

सैना के कैप्टन हुमायूं खान के अभिभावकों पर ट्रंप ने समाचार चैनल के जरिए जो टिप्पणी की है, उसकी चौतरफा आलोचना हुई है। उनकी डेमोकेट्रिक प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन समेत खुद ट्रंप की पार्टी ने उनके इस बयान की आलोचना की है।

एबीसी न्यूज के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, 'यह किसने लिखा है? क्या हिलेरी के पटकथा लेखकों ने ऐसा लिखा है? मुझे लगता है कि मैंने कई त्याग किए हैं। मैं बहुत, बहुत ज्यादा मेहनत करता हूं।' हुमायूं के पिता खिज्र खान ने फिलाडेल्फिया में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में अपने बेटे के लिए मरणोपरांत ब्रांज स्टार और पर्पल हार्ट पुरस्कार स्वीकार करते हुए देशभर के दर्शकों को



संबोधित करते हुए जो भाषण दिया था, उसमें उन्होंने अमेरिका में मुस्लिमों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने की मांग करने वाले ट्रंप पर सीधा हमला बोल दिया था। हुमायूं साल 2004 में इराक में हुए आत्मघाती हमले में मारे गए थे।

उनके पिता ने 70 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ट्रंप को संबोधित करते हुए कहा था, 'जाइए, उन बहादुर देशभक्तों की कब्रों को देखिए, जिन्होंने अमेरिका की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी। वहां आप विविध धर्मों, नस्लों और लिंगों के शहीदों को पाएंगे। आपने कुछ भी त्याग और बलिदान नहीं किया है।' इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, 'मैंने बहुत त्याग और बहुत मेहनत की है। मैंने हजारों रोजगार पैदा किए हैं, हजारों-लाखों नौकरियां और बड़े-बड़े आधारभूत ढांचे खड़े किए हैं। ये भी निश्चित तौर पर त्याग ही है।'

ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि मतदाताओं के बीच मेरी लोकप्रियता आसमान छू रही है। एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने आरोप लगाया कि भाषण के दौरान खान की पत्नी गजाला हिजाब पहने उनके पीछे ही खडी थीं और उन्हें बोलने की अनुमति भी नहीं दी गई।

उन्होंने कहा, उनकी पत्नी, अगर आप उनकी पत्नी को देखेंगे तो पाऐंगे कि वे वहीं खडी थीं। वे कुछ नहीं कह रही थीं। या शायद उन्हें कुछ भी कहने की इजाजत ही नहीं दी गई हो। कई लोगों ने यही बात लिखी है। वे एकदम चुप थीं और ऐसा लग रहा था कि उनके पास कहने को कुछ भी नहीं है। ट्रंप की टिप्पणियों पर देशभर में कडी प्रतिक्रिया हुई है। खासकर एक शोकाकुल मां पर हमला बोलने के लिए और इसलिए भी क्योंकि ट्रंप को नस्लवादी और मुस्लिम विरोधी माना जाता है।

### हिलेरी ने ट्रंप को फटकारा

**वॉशिंगटन, भाषा।** पुरस्कार प्राप्त सेवानवृत्त सेनाध्यक्ष को आईएसआईएस के खिलाफ लड़ाई में 'असफल जनरल' करार देने वाले रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की आज डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन ने कड़ी आलोचना की। पेन्सिलवेनिया में चुनावी रैली में हिलेरी ने कहा, 'जनरल (सेवानवृत्त) जॉन एलन डिस्टिंग्विश मरीन 'विशिष्ट सेवा मंडल' प्राप्त एक हीरो और देशभक्त हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें नाकाम जनरल कहा क्योंकि एलन को नहीं लगता है कि ट्रंप को कमांडर इन चीफ बनना चाहिए। फिलाडेल्फिया में हुए डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में एलन ने ट्रंप की आलोचना करते हुए कहा था कि वे कमांडर इन चीफ बनने के योग्य नहीं हैं। इसके अगले ही दिन ट्रंप ने उन्हें 'असफल जनरल' कहा था। हिलेरी ने कहा, 'वे (ट्रंप) जरा से उकसावे पर आपा खो देते हैं। शनिवार की ही बात है जब उन्होंने जनरल (सेवानवृत्त) जॉन एलन पर निशाना साधा। अफगानिस्तान में हमारे जवानों की कमान जनरल के ही हाथ में थी। हमारे कमांडर इन चीफ को हमारे सेवानवृत्त या सक्रिय जनरलों का अपमान या उपहास नहीं करना चाहिए। वैसे तो इस पर कोई प्रतिक्रिया देनी ही नहीं चाहिए लेकिन इस किस्म के अपमान पर मैं जनरल एलन की ओर से जवाब दूंगी।'

हिलेरी ने एक वक्तव्य में कहा है, 'इस समय पूरे अमेरिका को खान दंपत्ति के साथ खडे रहना चाहिए और उन सभी परिवारों का साथ देना चाहिए जिनके बच्चे देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए हैं। यह कैप्टन खान और अन्य शहीदों का सम्मान करने का वक्त है। कैप्टन खान और उनका परिवार अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और हम उन्हें सलाम करते हैं।' गजाला खान ने कहा है कि कन्वेंशन के दौरान वे बहुत भावुक हो गई थीं इसलिए बोलने में सक्षम नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'उन्होंने जो कहा है उसे सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। मैं तकलीफ में थी। जब आप तकलीफ में होते हैं तो या तो आप लडते हैं या फिर बिलकुल कुछ नहीं बोलते। मैं नहीं लड सकती। इसलिए मैंने मौन रहना चुना।

## साची अध्यक्ष को छुट्टी पर भेजा गया

**पेरिस ■ एएफपी**

दिग्गज फ्रांसिसी कंपनी पब्लिसिस ने अपनी विज्ञापन एजेंसी साची एंड साची के अध्यक्ष की लिंगभेद आधारित टिप्पणी के बाद उन्हें छुट्टी पर भेज दिया है। इस अध्यक्ष ने कहा था कि विज्ञापन जगत में लैंगिक पक्षपात की बहस 'पूरी तरह खत्म' हो चुकी है। साची एंड साची के कार्यकारी अध्यक्ष केविन रॉबर्ट्स ने बिजनेस इन्साइडर से कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विज्ञापन जगत में नेतृत्व वाली भूमिकाओं में महिलाओं की कमी 'एक समस्या है'। पब्लिसिस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मॉरिस लेवी ने कहा, 'इन बयानों की वजह से केविन रॉबर्ट्स को तत्काल ही पब्लिसिस ग्रुप से छुट्टी लेने के लिए कहा गया है।' उन्होंने कहा, 'लैंगिक समानता का प्रोत्साहन शीर्ष से शुरू होता है और पब्लिसिस ग्रुप इस बात को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा कि कोई ऐसा व्यक्ति हमारे संगठन की ओर से बोले, जो समावेश को महत्व ही न देता हो।' फ्रांसिसी समूह ने बयान में कहा कि रॉबर्ट्स को कल तत्काल छुट्टी पर भेज दिया गया और पब्लिसिस का निरीक्षण बोर्ड अब उनके भविष्य पर फैसला करेगा।

## टी-शर्ट को लेकर भ्रम

**लंदन,भाषा।** ब्रिटेन में आठ वर्षीय एक लडके की टी-शर्ट पर लिखे स्लोगन को गलती से आईएसआईएस नेता अबु बकर अल बगदादी के सर्मथन में लिखा समझने के संदेह पर उससे पूछताछ की गयी। ईस्ट लंदन के एक स्कूल के उस छात्र की टी-शर्ट पर लिखा था, मैं अबु बकर अल सिद्दीकी जैसा बनना चाहता हूं। अधिकारियों द्वारा पूछताछ किए जाने पर उसने अपमानित महसूस किया। अबु बकर अल सिद्दीकी एक प्रमुख इस्लामिक हस्ती रहे हैं और उनकी तुलना ईसाई समुदाय में सेंट पीटर से की जाती है।

## पाकिस्तान में सात आतंकवादी मारे गए

**लाहौर ■ भाषा**

पाकिस्तान के पंजाब सूबे में रविवार को सुरक्षाबलों ने एक बड़े आतंकवादी हमले के प्रयास को नाकाम करते हुए सात आतंकवादियों को मार गिराया। ये सभी सूबे के एक अहम सरकारी प्रतिष्ठान पर हमला करने की साजिश रच रहे थे। पाकिस्तान की पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के मुताबिक, उसे यह सूचना मिली थी कि करीब 10-12 आतंकवादी यहां स्थित एक संवेदनशील प्रतिष्ठान एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर हमले की साजिश रच रहे हैं।

सीटीडी ने कहा, पुलिस कमांडो के साथ सीटीडी की एक



टीम ने आज तडके लाहौर से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित चक चार रसाला शेखपुरा जिले में एक घर पर छापा मारा। टीम ने उन्हें आत्मसर्मपण करने को कहा।

उन्होंने कहा, लेकिन इसके बजाय आतंकियों ने छापा मारने गई सुरक्षाबलों की टीम पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। जवाबी गोलीबारी में सात आतंकवादी मारे गए। शेष तीन आतंकवादी वहां से भागने में सफल रहे। इन आतंकवादियों के ठिकाने से विस्फोटक, हथगोले, बडी मात्रा में गोलियां, तीन मोटरसाइकिल और संवेदनशील इमारत का मानचित्र बरामद हुआ है। सीटीडी ने इन आतंकवादियों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और यह पता लगाया जा रहा है कि वे किस संगठन से जुड़े थे।

## सिंगापुर के पूर्व राष्ट्रपति नाथन गंभीर

**2 वर्षीय नाथन सिंगापुर के छठे राष्ट्रपति रहे हैं। वह सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले व्यक्ति हैं।**

**सिंगापुर ■ भाषा**

सिंगापुर के पूर्व राष्ट्रपति एस आर नाथन को रविवार को मस्तिष्काघात के कारण गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि नाथन को आज सुबह आघात आया और वह नाजुक हालत में सिंगापुर जनरल अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष में भर्ती हैं। 92 वर्षीय नाथन सिंगापुर के छठे राष्ट्रपति रहे हैं।

वह सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले व्यक्ति हैं। इससे पहले उन्हें पिछले साल अप्रैल में आघात आया था। उसके बाद उनके परिवार ने कहा था कि वह ठीक हो रहे हैं और उनकी थैरेपी चल रही है। नाथन वर्ष 1999 से 2011 तक दो बार राष्ट्रपति बने हैं। आधिकारिक तौर पर वह 31 अगस्त 2011 को राष्ट्रपति पद से हटे थे। तब उन्होंने यह घोषणा की थी कि वह तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बनेंगे। उनके बाद राष्ट्रपति टोनी टेन केंग याम ने यह पद संभाला। राष्ट्रपति पद से हटने के बाद नाथन ने इंस्टीट्यूट ऑफ साउथईस्ट एशियन स्टडीज और सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में सीनियर फैलो के रूप में नियुक्ति ली। राष्ट्रपति बनने से पहले वे लोकसेवा, सुरक्षा, खुफिया सेवा और विदेश मामलों के विभाग में मुख्य पदों पर रहे। उन्हें वर्ष 1988 में मलेशिया में सिंगापुर के उच्चायुक्त के तौर पर तैनात किया गया था। बाद में 1990 से 1996 तक वह अमेरिका में सिंगापुर के राजदूत बने।

## टेक्सास में कई हताहत

**आस्टिन,एएफपी।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत के ऑस्टिन में एक बंदूकधारी ने गोलीबारी की जिनमें कई लोग हताहत भी हुए हैं। स्थानीय मीडिया का कहना है कि कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई है। ऑस्टिन के पुलिस विभाग ने अपने फेसबुक और ट्विटर पेज पर कहा कि ऑस्टिन के निचले इलाके में गोलीबारी की अलग अलग घटनाएं हुईं। पुलिस का कहना है कि आधे घंटे बाद दोनों घटनास्थलों को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया।

### सुर्खियां

## हिलेरी को ट्रंप पर पांच अंकों की बढ़त

**वाशिंगटन ■ भाषा**

राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन को रिपब्लिकन पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर पांच अंकों की बढ़त मिली है और बीते एक महीने में उनकी छवि में भी सुधार हुआ है। हाल में जारी हुए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण ने इसका श्रेय डेमाक्रेटिक पार्टी के सदस्यों को दिया है जो अपनी उम्मीदवार हिलेरी को लेकर उत्साह से लबरेज हैं।

बीते गुरुवार को फिलाडेल्फिया में संपन्न हुए डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की सफलता के बाद पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन की छवि में लगभग नौ अंकों का सुधार हुआ है। पब्लिक पॉलिसी पोलिंग (पीपीपी) ने अपने हाल के ही सर्वेक्षण के परिणामों को जारी करते हुए कहा, 'क्लिंटन और ट्रंप के बीच आमने-सामने की सीधी भिडंत में क्लिंटन को 50 फीसदी अंक मिले, उन्हें 45 अंक पाने वाले ट्रंप पर बढ़त मिली। एक महीने पहले हुए सर्वेक्षण में सभी क्षेत्रों को मिलाकर तय किए गए अंकों में ट्रंप के 41 के मुकाबले क्लिंटन को 45 अंक पाकर बढ़त मिली थी और आमने-सामने में ट्रंप के 44 के मुकाबले क्लिंटन को 48 अंकों के साथ बढ़त मिली थी। इसलिए कोई खास बदलाव नहीं आया है।' इसमें आगे कहा गया, 'लेकिन खास बदलाव नहीं होना दरअसल क्लिंटन के लिए अच्छी खबर है।' पब्लिक पॉलिसी पोलिंग (पीपीपी) ने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर यह लड़ाई भी साल 2012 के चुनाव वाला रूप लेती जा रही है, जब बराक ओबामा जीते थे। जितने अंतर से ओबामा जीते थे उसे किसी भी लिहाज से भारी-भरकम जीत तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह ठोस विजय जरूर थी।

परदेस : विश्व राजनीति

फलस्तीन-इस्राइल विवाद

## शांति वार्ता के लिए समय सीमा तय हो

**पेरिस ■ एएफपी**

पेरिस में अमेरिका के विदेश मंत्री जॉन केरी के साथ बैठक के बाद फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने कहा कि इस्राइल के साथ शांति वार्ता की कोई भी शुरुआत एक निश्चित समय सीमा के साथ और अंतरराष्ट्रीय देखरेख के अंतर्गत होनी चाहिए।

वरिष्ठ फलस्तीनी अधिकारी साएब इराकात ने कहा कि अब्बास ने 'द्विराष्ट्र' समाधान को हासिल करने की संभावनाओं को लेकर फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां मार्क आयरा से भी बातचीत की। उन्होंने दोनों वार्ताओं को 'काफी रचनात्मक' बताया।

कल इराकात ने संवाददाताओं को बताया, 'हमें वार्ता के लिए एक समयसीमा की जरूरत है और इसके



क्रियान्वयन के लिए भी एक खास समयसीमा की जरूरत है, और हमें एक अंतरराष्ट्रीय रूपरेखा की जरूरत है जो किसी भी समझौते के क्रियान्वयन को सुनिश चित कर सके।' फ्रांस ने 2014 के अंतिम दौर की वार्ता की विफलता के बाद इस्राइली-फलस्तीनी शांति वार्ता को फिर से बहाल करने के लिए एक ताजा पहल की अगुवाई की है।

इराकात ने कहा, 'अब्बास ने फ्रांस के इस पहल में इस साल के अंत तक एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन बुलाने को लेकर हमारे पूर्ण सर्मथन को फिर से दोहराया है। फलस्तीनी वार्ताकार ने बताया कि, अवरोध को तोडने और शांति वार्ता को आगे बढ़ाने को लेकर चल रहे गतिरोध को तोडने के लिए फ्रांस, अमेरिका और अभी हाल के मिस्र के प्रयासों के बीच 'कोई विरोधाभास नहीं है। उन्होंने बताया, इन सभी यासों का उद्देश्य 1967 की तर्ज पर आधारित द्विराष्ट्रीय समाधान निकालने के लिए शांतिवार्ता को बहाल करना है। जो एक-दूसरे के पूरक है।' केरी ने भी फ्रांसीसी समकक्ष से इस्राइली-फलस्तीनी संघर्ष के मुद्दे पर बातचीत की। एक विज्ञप्ति में अमेरिका की ओर से कहा गया, 'हिंसा को रोकने के लिए सभी दलों के मजबूत नेतृत्व और सार्थक विचार-विर्मश के लिए व्यवहारिक कदम उठाने को लेकर वे सहमत हुए।'

## पाक में 'आनर किलिंग' की पीड़िता ने खुदकुशी की

**लाहौर, भाषा।** पाकिस्तानी मूल की ब्रिटिश महिला के पति ने दावा किया है कि शिया पंथ अपनाने पर उनकी पत्नी को उसके माता पिता ने मार डाला जबकि पीड़िता के पिता ने अपने पिछले बयान से पलटते हुए अब कहा है कि उसने खुदकुशी की थी। पहले दिल का दौरा पडने से मौत का दावा करने वाले सामिया के पिता चौधरी शाहिद ने कहा, मेरी बेटी सामिया (28) ने खुदकुशी की। शाहिद ने चार सदस्यीय पुलिस जांच के सामने अपना बयान बदल दिया। इससे पहले शाहिद ने जोर देकर कहा था कि उनकी बेटी ने खुदकुशी नहीं की। उसे दिल का दौरा पडा था और चिकित्सकीय मदद मिलने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पंजाब के मुख्यमंत्री शाहबाज शरीफ ने इस मामले की जांच के लिए नई टीम गठित की है। झेलम के ढोक पांडोरी गांव की सामिया अपने बीमार पिता को देखने दो हफ्ते पहले दुबई से पाकिस्तान आई थी और 20 जुलाई को उसकी कथित रूप से हत्या कर दी गई थी।

**PRECISION ELECTRONICS LIMITED**
**Regd. Office: D-1081, New Friends Colony New Delhi-110025**
**CIN: L32104DL1979PLC009590**

**Notice of Board Meeting**

Notice is hereby given that pursuant to SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, meeting of Board of Directors of the Company shall be held on Monday, August 8, 2016 at 11.00 a.m. to consider inter-alia the Un-Audited Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2016.

The notice is also available on Company's website www.pel-india.com and Bombay stock exchange www.bseindia.com.

For **Precision Electronics Limited**
Sd/-
Place: Noida — Veenita Puri
Date: 30.07.2016 — Company Secretary

**BUCKINGHAM INDUSTRIES LIMITED**
Regd Office: Girish Chandra Bardalai Path, Bamunimaidan, Guwahati, Assam
Corp. Office: 2ND Floor, 22, Community Centre, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi – 110057
Tel: 011- 2614 5816 Fax: 011- 2614 3394
Website: www.buckingham.in
Email: buckingham1983@yahoo.com
CIN : L27310AS1983PLC007155

**NOTICE**

Pursuant to Listing Agreement(s) with MSEI (MCX) & CSE, Notice is hereby given that Meetings of Audit Committee & Board of Directors is scheduled to be held on Friday - 12.08.2016 at 1:00 & 2:00 P.M. at its corporate office inter-alia to consider, approve & adopt Un-Audited Financial Results of Quarter ended 30.06.2016, trading window in equity shares will remain closed from 7th August to 13th August for all insiders, consider & apoint Company Secretary, close ICICI Bank A/c, and any other matter with the permission of Chair.

**MEENA AGGARWAL**
**Place : New Delhi — WTD & CFO**
**Dated: 30.07.2016 — DIN: 07153996**

## बगैर पैराशूट 7620 मीटर की ऊंचाई से कूदा कलाबाज

**लॉस एंजिलिस, एपी।** अमेरिका में 42 वर्षीय एक स्काईडाइवर ने बिना पैराशूट के 18 हजार फुट से अधिक की उंचाई से छलांग लगाकर और नीचे नेट में उतरकर इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाला पहला व्यक्ति बन गया। ल्यूक एकिन्स कल 18 हजार फुट से अधिक की उंचाई से छलांग लगाने एवं दो मिनट तक नीचे गिरने के बाद सिमी वैली के बाहरी क्षेत्र स्थित बिग स्काई मूवी के खेतों में लगे 100 फुट गुणे 100 फुट के नेट पर उतरे।

ल्यूक द्वारा यह कारनामा सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। ल्यूक नेट से तुरंत ही बाहर आये और अपनी पत्नी मोनिका को गले लगा दिया। जमीन पर मौजूद ल्यूक की पत्नी मोनिका अपने चार वर्षीय पुत्र लोगान और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सांसे थामकर यह खतरनाक स्काईडाइविंग देख रही थीं। ल्यूक ने अपनी पत्नी और अपने पुत्र को बांहों में भरकर कहा, मैं लगभग हवा में तैर रहा था, वह अद्भुत था। उन्होंने कहा,यह स्काईडाइविंग अभी ही हुई है। मेरे मुंह से शब्द नहीं निकल रहे हैं। उन्होंने अपनी टीम के 10 से अधिक सदस्यों को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस छलांग की तैयारी करने के लिए उनके साथ दो वर्ष का समय बिताया। इस टीम में वे लोग भी शामिल थे जिन्होंने मछली पकडने जैसा नेट जुटाया और यह सुनिश चित किया कि वह वास्तव में काम करे। इस स्टंट का फाक्स नेटवर्क पर कार्यक्रम 'स्ट्राइड गम प्रेजेंट हेवन सेंट' के लिए सीधा प्रसारण किया गया। ल्यूक ने विमान में चढने के दौरान खुलासा किया कि स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड ने उन्हें सुरक्षा के लिए पैराशूट पहनने का आदेश दिया है।

## श्रीलंका: सरकार को हराने की तैयारी में विपक्ष

**कोलंबो,आईएएनएस।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के कट्टर समर्थक 'जॉयंट ऑपोजिशन' ने रविवार को कहा कि वे आगामी महीनों में राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की सरकार को हराकर नई सरकार बना लेंगे।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, 'जॉयंट ऑपोजिशन' के सांसद उदय गम्मनपिला ने कहा है कि 28 जुलाई को मध्य श्रीलंका के केंडी से शुरू हुए 'जॉयंट ऑपोजिशन' के जुलूस को जनता का 'अपार समर्थन' मिला है। गम्मनपिला ने कहा कि जुलूस इस सप्ताह राजधानी कोलंबो में समाप्त होगा और इसमें पहले ही हजारों लोग शामिल हो चुके हैं। उ

**ELDECO**
**ELDECO HOUSING AND INDUSTRIES LIMITED**
**Regd. Office: Shop No 16, Second Floor, Eldeco Station 1, Site No 1, Sector 12, Faridabad, Haryana – 121 007, E-mail id: Eldeco@eldecohousing.co.in**
**Website: www.eldecogroup.com, Ph. No.: 0522-4039999**
**CIN: L45202HR1985PLC044265**

**NOTICE**

NOTICE is hereby given, pursuant to Regulation 29 and Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Wednesday, the 10th day of August, 2016, at the Corporate office of the Company at IInd Floor, Eldeco Corporate Chamber-1, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010, to consider and approve inter alia the Unaudited Financial Results for the First Quarter ended on 30th June, 2016.

**By Order of the Board of Directors**
**Sd/-**
**(Naina Tandon)**
**Company Secretary**
**Place: Lucknow**
**Dated: 01.08.2016**